प्रादेशिक समाचार

दिनांक–23.07.2024 (दोपहर–1455 बजे)

****

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज संसद में एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश किया। बजट में दो लाख करोड़ रुपये के परिव्यय से पांच वर्ष की अवधि में चार करोड़ से अधिक युवाओं के लिए रोजगार और कौशल अवसर बढ़ाने की पांच योजनाओं और पहल के प्रधानमंत्री पैकेज की घोषणा की गयी है। वित्त मंत्री ने कहा कि करदाताओं के लिए राहत के तहत नई कर व्यवस्था में वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए मानक कटौती पचास हजार रुपये से बढाकर 75 हजार रुपये कर दिया गया है। सरकार ने इनकम टैक्स स्लैब में भी राहत प्रदान की है।

****

बजट में कहा गया है कि सरकार, जनजातीय समुदायों की सामाजिक–आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान चलाएगी। इसके साथ ही झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिसा और आंध्र प्रदेश के समग्र विकास के लिए सरकार पूर्वोदय योजना लागू करेगी।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट सभी वर्ग को शक्ति प्रदान करने वाला है। इस बजट से शिक्षा और स्किल को नया स्केल मिलेगा। इससे जनजातीय समुदाय, युवाओं और महिलाओं को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी।

****

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत आज गुमला जिले के विभिन्न प्रखंडों से 33 हिंदू धर्मावलंबियों को उपायुक्त कर्ण सत्यर्थी और उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो ने हटिया रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया। जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि आज सभी तीर्थयात्रियों को ट्रेन के माध्यम से द्वारिका और सोमनाथ भेजा जा रहा है।

****

सहायक पुलिसकर्मियों ने सरकार के साथ सोमवार को बैठक में आंदोलन समाप्त करने की घोषणा के बाद आज एक बार फिर से आंदोलन को आगे जारी रखने का ऐलान किया है। झारखंड सहायक पुलिस प्रदेश संगठन के अध्यक्ष अविनाश द्विवेदी और सचिव विवेकानंद गुप्ता ने कहा कि आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार के साथ हुई वार्ता में जिन बिंदुओं पर सहमति बनी है यदि वह मांग 24 तारीख को होने वाली कैबिनेट में मान ली जाती है तभी वे आंदोलन समाप्त करेंगे। जब तक सरकार उनकी मांगों को कैबिनेट में नहीं ले आती है तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

****

झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड ने राज्य के सभी मंदिर, धर्मशाला, मठ, चैरिटेबल ट्रस्ट को रजिस्ट्रेशन कराने को कहा है। इस संबंध में बोर्ड के अध्यक्ष जय शंकर पाठक की ओर से सूचना भी जारी की गयी है।

****

गोड्डा जिले में मानसून की बेरूखी के कारण किसान मायूस हैं।

****

झारखंड में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। राजधानी रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में हल्के और मध्यम दर्जे की बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अगले तीन दिनों तक भारी बारिश का अनुमान है।

*******समाप्त********